संगीत विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल उत्तराखंड

पाठ्यक्रम समिति की कार्यवाही का कार्य-वृत्तान्त

विश्वविद्यालय के पत्रांक : मान्यता / पाठ्यसमिति संगीत / 2019 /16 दिनांक 03/04/2019 के अनुपालन में, आज दिनांक 12/04/2019 को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में पाठ्यक्रम समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहें ।

सहयोजित सदस्य

1. श्री रवि जोशी (संयोजक)
   संगीत विभाग
   डी.एस.बी. परिसर नैनीताल

2.प्रो. साहित्य कुमार नाहर
   म्यूजिक इंस्ट्रुमेंटल (सितार)
   सेवा निवृत्त विभागाध्यक्ष, म्यूजिकोलोजी विभाग
   एंड परफोर्मिंग आर्ट
   इलाहबाद विश्वविद्यालय, इलाहबाद (उ.प्र)

3. पं देवेन्द्र वर्मा
   म्यूजिक (वोकल) एवं इंस्ट्रुमेंटल (तबला)
   डाइरेक्टर, भारतीय ललित कला संस्थान,
   नई दिल्ली

4. प्रो. नीलू शर्मा
   म्यूजिक इंस्ट्रुमेंटल (तबला)
   दयालबाग एजुकेशन इंस्टिट्यूट
   डीम्ड विश्वविद्यालय, दयालबाग आगरा (उ.प्र)

5. डा. वंदना जोशी (परिसर विभागाध्यक्ष)
   संगीत विभाग एस.एस.जे परिसर अल्मोड़ा

6.. डा. सबीहा नाज़ (सहायक प्राध्यापक)
   संगीत विभाग एस.एस.जे परिसर अल्मोड़ा

7.. संकायाध्यक्ष (कला संकाय)
   एस.एस.जे परिसर अल्मोड़ा

8.डा. गोविन्द सिंह बोरा
   विभागाध्यक्ष, संगीत विभाग
   एम.बी.पी.जी कालेज हल्द्वानी

9. डा. पंकज उप्रेती
   विभागाध्यक्ष संगीत विभाग
   राजकीय महाविद्यालय
   टनकपुर (चम्पावत)

(AGENDA)

कार्य – वृत्तान्त

संगीत विभाग कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की पाठ्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 12.04.2019 (कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रशासनिक भवन में) का कार्य वृत्तान्त

1- स्नातक संगीत गायन के पाठ्यक्रम के रागों में परिवर्तन हेतु विचार विमर्श।

2- स्नातकोत्तर संगीत गायन के पाठ्यक्रम के रागों में परिवर्तन हेतु विचार विमर्श।

3- स्नातक संगीत गायन के सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों में आंशिक परिवर्तन हेतु विचार विमर्श ।

निर्णय

- **बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से निम्नलिखित प्रस्तावों को मंजूरी दी गई :**

1. पाठ्यक्रम समिति ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पर गहनता से विचार विमर्श किया, तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किए गए मूल्यवान सुझावों के आधार पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम के रागों में संशोधन किए तथा इन संशोधनों को शामिल करते हुए पाठ्यक्रम समिति ने सर्वसम्मति से नवीन पाठ्यक्रम को स्वीकृत किया।

2. स्नातक संगीत गायन के सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों में आंशिक परिवर्तन पर सर्वसम्मति से सहमति बनी।

3. पाठ्यक्रम समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, संशोधित पाठ्यक्रम आगामी शैक्षणिक सत्र – 2019 – 2020 से लागू किया जाएगा।

4. आगामी परीक्षाओं में विभिन्न प्रश्नपत्रों के निर्माण सम्बन्धी परीक्षकों की सूची बनाने तथा सेमेस्टर तथा वार्षिक परीक्षा में मूल्यांकन कार्य के लिए परीक्षकों के पैनल निर्माण हेतु संयोजक पाठ्यक्रम समिति (श्री रवि जोशी) को अधिकृत किया जाता है ।